जनपद बाराबंकी

दिनांक- 20.06.2026

क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में, थाना कोतवाली नगर व महिला थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अनैतिक देह व्यापार व मादक पदार्थ से संबंधित तीन अभियुक्ताओं व एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, 59 अदद कोडीन सिरप, 285 ग्राम अवैध मादक पदार्थ व नगदी बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री संगम कुमार व क्षेत्राधिकारी रामनगर सुश्री गरिमा पंत के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर व महिला थाना पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज दिनांक 20.06.2026 को मु0अ0सं0 468/2026 धारा 8/20/22 एनडीपीएस एक्ट व 3/4/5/7 स्त्रियों और कन्याओं का अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम (SITA) से सम्बन्धित एक अभियुक्त दिनेश मौर्या पुत्र स्व0 रामलखन निवासीगण सिद्धार्थ नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी व 03 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 07 अदद मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ की अभियुक्तगणों द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सिद्धार्थनगर के पास एक मकान में संगठित रूप से अनैतिक देह व्यापार का संचालन किया जा रहा था तथा ग्राहकों से संपर्क स्थापित करने हेतु मोबाइल फोन का उपयोग किया जाता था। व्यापार को बढ़ाने व अधिक आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से ग्राहकों की मांग पर मकान के अंदर ही अवैध गांजा, कोडीन युक्त कफ सिरप जैसे नशीले पदार्थ व न्यूट्रीशन सप्लीमेंट उपलब्ध कराए जाते थे, जिसके एवज में ग्राहकों से अतिरिक्त धन माँगा जाता था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तागण/अभियुक्त-

1.दिनेश मौर्या पुत्र स्व० रामलखन मौर्य निवासी सिद्धार्थ नगर विशाल मेगामार्ट के सामने थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, व अन्य 03 महिलाएं

बरामदगी-

01. 7 अदद मोबाइल फोन

02. 59 अदद शीशी कोडीन युक्त सिरप (AYUREX)

03. 245 ग्राम गांजा

04. 58 अदद हेल्दी न्यूट्रिशन (GOOD MONK)

05. 1600/- रुपये नकद

06. 285 अदद कंडोम

पुलिस टीम-

1. श्री संगम कुमार क्षेत्राधिकारी नगर जनपद बाराबंकी

2. सुश्री गरिमा पंत क्षेत्राधिकारी रामनगर बाराबंकी

3. प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर बाराबंकी

4. उ0नि0 श्री आशीष दीक्षित, उ0नि0 श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 श्री अमरनाथ राय

5. हे0का0 जितेन्द्र यादव, का0 विनय कुमार चौहान

6. का0 प्रशान्त गौरव सिंह, रि0का0 शैलेन्द्र, म0रि0का0 अंकिता मिश्रा

7. म0रि0का0 चित्रा देवी, म0रि0का0 अल्का

महिला थाना जनपद बाराबंकी-

1. प्रभारी निरीक्षक सुश्री रत्ना कुमारी

2. स0उ0नि0 कमलेश राम

3. म0हे0का0 आशा यादव, म0का संध्या यादव, म0का0 प्राची पटेल